दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 296 मुरादाबाद 22 February 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## विशाखापत्तनम में 12वें प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू का आयोजन, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की 60 पोत, पनडुब्बियां व 55 विमानों की समीक्षा




राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 12वें प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू के कार्यक्रम में शिरकत की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद हैं। इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को 12वें प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू कार्यक्रम में गार्ड आफ आनर दिया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नौसेना के स्वदेश निर्मित अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुमित्रा पर सवार हुए। इसके बाद ईस्टर्न नेवल कमांड ने राष्ट्रपति फ्लीट रिव्यू के 12वें संस्करण के दौरान 21 तोपों की सलामी दी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद हैं। बता दें कि, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 60 से अधिक जहाज और पनडुब्बियों समेत 55 विमानों वाले भारतीय नौसेना बेड़े की समीक्षा की। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर विशाखापत्तनम में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा का 12वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। दरअसल, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सबसे पहले विशाखापत्तनम में आयोजित 12वें प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नौसेना के स्वदेश निर्मित अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुमित्रा पर सवार हुए। इस दौरान राष्ट्रपति ने आईएनएस सुमित्रा में सवार होकर नौसेना के बेड़े की समीक्षा की। इनमें आईएनएस तरंगिनी, आईएनएस ज्योति, आईएनएस सुदर्शनी, ढ्ढहस्ष्ट 51, आईएनएस कुलिश, सागर अन्वेषिका, आईएनएस जमुना, ढ्ढष्टत्रस् वरद, ढ्ढष्टत्रस् शौनक, आईएनएस सुतलेज, आईएनएस सर्वेक्षक, आईएनएस कमरोटा शामिल हैं। 12वें प्रेसिडेंट फ्लीट रिव्यू का विशेष महत्व है कि इसे भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में %आजादी का अमृत महोत्सव% के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अलावा समीक्षा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संचार राज्य मंत्री देवुसिंह जे चौहान की उपस्थिति में माननीय राष्ट्रपति द्वारा एक विशेष फर्स्ट डे कवर और एक स्मारक डाक टिकट जारी किया जाएगा। लंगरगाह में जहाजों को दिन के दौरान पूरे राजसी अंदाज में विभिन्न नौसैनिक झंडों के साथ औपचारिक रूप से तैयार किया जाएगा। 19 और 20 फरवरी 22 को सूर्यास्त से मध्यरात्रि तक उन्हें रोशन किया जाएगा, जिसे विशाखापत्तनम के नागरिक समुद्र तट के सामने से देख सकते हैं। आपको बता दें कि, ये दूसरी बार है जब विशाखापत्तनम पीएफआर की मेजबानी करेगा। पहली बार 2006 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने विशाखापत्तनम में नौसैनिक बेड़े की समीक्षा की थी।

WWW.KNLSLIVE.COM

## प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए इन बातों पर दिया जोर, कहा- देश के भविष्य की राष्ट्र निर्माता है आज की युवा पीढ़ी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय बजट 2022 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन पर एक वेबिनार को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि, 2022 के बजट में शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी पांच बातों पर बहुत जोर दिया गया है।

### शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी पांच बातों पर दिया जोर

पीएम मोदी ने कहा, पहला यूनिवर्सलाइजेशन आफ क्वालिटी एजुकेशन हमारी शिक्षा व्यवस्था का विस्तार हो, उसकी क्वालिटी सुधरे और एजुकेशन सेक्टर की क्षमता बढ़े, इसके लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। दूसरा कौशल विकास देश में डिजिटल स्किलिंग इकोसिस्टम बने, इंडस्ट्री की डिमांड के हिसाब से स्किल डवलपमेंट हो, और उद्योग संबंध बेहतर हो, इस पर ध्यान दिया गया है। तीसरा महत्वपूर्ण पक्ष अर्बन और डिजाइन है, जिससे भारत का जो पुरातन अनुभव और ज्ञान है, उसे हमारी आज की शिक्षा में समाहित किया जाए। वहीं, चौथा अहम पक्ष अंतर्राष्ट्रीयकरण है, जिससे भारत में वर्ल्ड क्लास विदेशी यूनिवर्सिटियां आएं। पीएम मोदी ने कहा, पांचवा महत्वपूर्ण पक्ष (ङ्कत्रष्ट) यानि एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स है। इन सभी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और एक बहुत बड़ा ग्लोबल मार्केट है।

### देश के भविष्य की राष्ट्र निर्माता है आज की युवा पीढ़ी- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, आज की युवा पीढ़ी देश के भविष्य की कर्णधार है और भविष्य के राष्ट्र निर्माता भी हैं। आज की युवा पीढ़ी को सशक्त करने का मतलब है भारत के भविष्य को सशक्त करना है। इसी सोच के साथ 2022 के बजट में शिक्षा क्षेत्र में 5 बातों पर ज़ोर दिया गया है। पीएम ने कहा, ई-विद्या, वन क्लास वन चैनल, डिजिटल लैब्स, डिजिटल यूनिवर्सिटी ऐसा एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर युवाओं को बहुत मदद करने वाला है, ये भारत के सामाजिक-आर्थिक सेटअप में गांव, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, सभी को शिक्षा के बेहतर समाधान देने का प्रयास है

### शिक्षा व्यवस्था की दिशा में अभूतपूर्व कदम है नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि, नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी भारत की शिक्षा व्यवस्था में अपनी तरह का अनोखा और अभूतपूर्व कदम है। डिजिटल यूनिवर्सिटी में वो ताकत देख सकता हूं कि ये यूनिवर्सिटी हमारे देश में सीटों की समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर सकती है। पीएम ने कहा, आज विश्व मातृभाषा दिवस भी है। मातृभाषा में शिक्षा, बच्चों के मानसिक विकास से जुड़ी है। अनेक राज्यों में स्थानीय भाषाओं में मेडिकल और टेक्निकल एजुकेशन की पढ़ाई शुरु हो चुकी है। इस वेबिनार का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों एवं शिक्षा और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करना है।

## बीजेपी वाले धन्यवाद दें, उनके परिवार के बारे में नहीं बोलता मैं; मुलायम को लेकर तंज पर अखिलेश ने कुछ यूं किया पलटवार

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने पिता और पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के चुनाव प्रचार में उतरने को लेकर बीजेपी नेताओं के तंज पर सोमवार को पलटवार किया। अखिलेश ने कहा भाजपा खुद कंफ्यूज पार्टी है। नेताजी ( मुलायम सिंह यादव ) साथ हैं तो उन्हें तकलीफ है, नेताजी दूर हैं तो उन्हें तकलीफ है। वो हमारे परिवार के बारे में कह रहे हैं। उन्हें मुझे धन्यवाद देना चाहिए कि मैं उनके परिवार के बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। अखिलेश ने रायबरेली में कहा कि मैंने किसी के परिवार के बारे एक शब्द नहीं कहा क्योंकि यह चुनाव बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए हो रहा है। मैदान में उतरे और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने अखिलेश यादव को डूबते हुए जहाज का कैप्टन बताते हुए कहा कि अब उन्हें जहाज पूर्व कैप्टन ( मुलायम सिंह यादव ) के सहयोग की जरूरत पड़ रही है जिन्हें उन्होंने ही 2017 में कैप्टनशिप से हटा दिया था। रायबरेली में अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर चरण में आगे जा रही है, पार्टी चौथे चरण में ही दो शतक लगा देगी और सातवें चरण में भाजपा के बूथों पर भूत नाचेंगे। रायबरेली के ऊंचाहार में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकान ने जनता को सिर्फ दु:ख और तकलीफ दी है। पांच साल में सिर्फ नाम बदलने का काम किया है। बाबा मुख्यमंत्री ने कुछ भी काम नहीं किया। अखिलेश ने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं कि इस बार जनता चुनाव लड़ रही है। भाजपा की हार तय है।

### 18 हजार पेंशन का वादा

सपा अध्यक्ष ने सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को हर साल 18 हजार रुपए पेंशन देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में 500 रुपए देते थे। अब 1500 रुपए हर महीने पेंशन दी जाएगी। 300 यूनिट तक फ्री बिजली दी जाएगी। किसानों को अपने खेतों की सिंचाई के लिए बिजली का कोई शुल्क नहीं चुकाना पड़ेगा। जब तक सरकार रहेगी तब तक मिलेगा राशन- अखिलेश ने दावा किया कि उनकी सरकार आई तो जब तक सरकार रहेगी तब तक गरीबों का राशन जारी रहेगा।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## बहस करने पर कर दी हत्या सपा जीतेगी या भाजपा

मनोज कुमार पटेल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- बहस में नौजवान की कर दी गई हत्या जोकि किराना की दुकानदार ने भाजपा की जीत का अनुमान लगाया तो वहां युवक सपा का पल्ला भारी बताने लगा इसी बहस में बात इतनी बढ़ गई की आपस में मारपीट होने लगी फिर दुकानदार ने तमंचे से फायर कर दिया इसके बाद आरोपी फरार हो गया जो कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गया कराया गया यह बात कादरचक क्षेत्र के ग्राम रमजानपुर सारिक शहर में कबूल पुरा मोहल्ले में रहकर डिश मैकेनिक का काम करते थे जोकि छोटे सरकार की दरगाह जाने वाली रोड के चौराहे पर खालिद सिद्दीकी की किराना की दुकान पर पहुंच कर वहां बैठकर चुनाव परिणाम पर अनुमान लगाया जा रहा था क्षेत्र के लोगों ने बताया कि भाजपा जीतेगी या सपा खालिद कह रहा था कि भाजपा की जीत हो सकती है जबकि सारिक ने सपा की विजय होने का दावा किया इसी पर दोनों में तनातनी और मारपीट होने लगी यह देखकर आपस आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कराना चाहा तो खाली बेकाबू हो होता दिखा फिर इसी बीच किसी लोगों ने पुलिस को फोन कर दिया जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तभी लोगों ने प्राथमिक उपचार के बास बरेली ले जाने लगे रास्ते में उसकी मौत हो गई जोकि शहर के मोहल्ला कबूल पुरा में घटनास्थल पर पुलिस तैनात कर दी गई है और किसी प्रकार की घटना ना हो इसके लिए पुलिस वहां पर निगरानी में लगी हुई है

www.knlslive.com

## इस बार डाक मतपत्र की गिनती होगी सबसे पहले

मनोज कुमार पटेल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- इस बार चुनाव आयोग ने मतदान कर्मियों के अलावा दिव्यांग लोग बा बुजुर्गों को भी घर बैठकर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा दी गई थी मतगणना मैं सबसे पहले इस बार डाक मतपत्रों की ही गिनती की जाएग जिले की 6 विधानसभा सीटों के लिए 10 मार्च को होने वाली मतगणना के लिए 84 वरिष्ठ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जोकि राजनेताओं से लेकर प्रशासन अधिकारियों ही नहीं आम जनता की निगाहें भी अब मंडी समिति में होने वाली मतगणना की तरफ लगी रहेगी चुनावी इस बार ऐसा हुआ है की हर सीट के परिणाम को लेकर कोई कुछ नहीं कह सकता हालांकि साथ में चरण के मतदान होने के बाद पूरे उत्तर प्रदेश की मतगणना एक ही दिन की जाएगी मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए जहां बीएसएफ के जवान लगाए गए हैं वहीं 3 सीटों में मजिस्ट्रेट भी निगरानी कर रहे हैं और पदाधिकारी प्रत्याशियों के एजेंट सीसीटीवी कैमरे की निगरानी कर रहे हैंजो मतों की गिनती के लिए मंडी समिति में 14 टेबल लगाई जाएंगी और हर टेबल पर एक सुपरवाइजर दो मतगणना कर्मचारी तैनात किए गए हैं चक्र बार परिणाम घोषित करने के लिए विधानसभा वार आर ओ की टेबल अलग लगाई जाएगी

## सहकारी चीनी मिल कर्मचारियों का 112 वे दिन मालवीय आवास पर धरना जारी

त्येंद्र पाल सिंह

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- किसान सहकारी चीनी मिल शेखूपुर लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धरना अभी भी जारी रहा जोकि इन सभी कर्मचारियों को काफी समय से अपना मालवी आवास पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन जारी रहता है इन लोगों की अपनी मांग बकाया वेतन व फंड की मांग को लेकर काफी समय से आंदोलन चल रहा है जोकि आज तक किसी भी चीनी मिल अधिकारी ने इनकी मांग को नहीं सुना धरने पर बैठे रक्षपाल सिंह रघुवीर सिंह सियाराम असरार अहमद मुन्ना लाल सिंह श्याम पाल सिंह व और भी कर्मचारी धरने पर मौजूद थे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## 12 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिले में अगले महीने 12 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक वादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं। उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश के न्यायालय, उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व जिलाधिकारी के न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ सभी न्यायालयों व कार्यालयों पर सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। इसमें मोटर वाहन अधिनियम, भरण-पोषण, वैवाहिक व पारिवारिक विवाद, राजस्व विवाद, श्रम अधिनियम से संबंधित मामले, शॉप एक्ट, नाप तौल के मामले, विद्युत अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद एवं नगर पालिका परिषद अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्टाम्प एक्ट, चकबंदी वाद, दाखिल खारिज तथा दीवानी मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर तथा ई-चालानी के वाद निस्तारित किए जाएंगे। साथ ही लघु फौजदारी वाद का भी निस्तारण किया जाएगा। प्रिलिटिगेशन वादों का निस्तारण भी सुलह-समझौते के आधार पर होगा। ऐसे में अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन मामलों व वादों को नियत कर निस्तारण कराएं। बैठक में अपर जिला जज एससीएसटी एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत उमेश कुमार द्वितीय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शीतला प्रसाद, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मृत्युंजय श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी, अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र सहित बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने निकाली शहर में महिला शक्ति पदयात्रा

मनोज कुमार पटेल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ-कांग्रेस ने महिला शक्ति को लेकर शहर में पदयात्रा निकाली जिसको लेकर राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आहा बान पर शहर में महिलाओं ने नारी के साथ मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देकर शहर में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह के साथ शहर में यात्रा की और हर विधानसभा से चयनित 10 महिलाओं को सम्मानित किया गया

## बैलगाड़ी से टकराई बाइक एक ने तोड़ा दम

सत्येंद्र पाल सिंह

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ-थाना क्षेत्र मूसाझाग के दातागंज बदायूं मार्ग स्थित फरीदापुर प्याऊ के निकट यह बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई बदायूं की तरफ से घर जा रहे बाइक सवार मुकेश विवेक निवासी गांव वसुनिया रहने वाले हैं जोकि रोड दातागंज रोड पर अज्ञात वाहन से बचने के प्रयास में रोड पर आ रहे बैलगाड़ी के पिछले हिस्से में उनकी बाइक टकरा गई जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची थाना मूसाझाग की पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मुकेश को मृतक घोषित कर दिया और विवेक को बरेली रेफर कर दिया

## कोरोना संक्रमितों की संख्या में कमी, सौ के नीचे पहुंची संख्या

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- वैश्विक महामारी कोविड-19 का संक्रमण अभी जारी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में दो नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 17 संक्रमितों ने कोरोना से जंग जीती है। अभी भी 94 एक्टिव मामले हैं। 92 संक्रमितों का इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। जबकि दो संक्रमित नॉट अलोकटेड हैं। सीएमओ डॉ. एपी भार्गव ने बताया कि कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए आरटीपीसीआर, एंटीजन किट व ट्रूनॉट मशीन से लगातार जांच कराई जा रही है। अब तक कुल 6 लाख 68 हजार 481 लोगों का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। इसमे से 6 लाख 66 हजार 410 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इस रिपोर्ट में 5268 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें से 5133 लोग संक्रमण से जंग जीत कर स्वस्थ हुए हैं, जबकि कोरोना संक्रमण की शुरुआत अब तक 40 लोगों ने इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवाई है। सीएमओ ने बताया कि दो नए पॉजिटिव मिले हैं।

## निर्वाचन व्यय रजिस्टर की जांच से तीन प्रत्याशी रहे नदारद



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- व्यय प्रेक्षक ने अनुपस्थित उम्मीदवारों के विरुद्ध नोटिस जारी करने का दिया निर्देश, दो दिन में उपस्थित होकर रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा विधानसभा चुनाव के खर्चों की निगरानी के लिए व्यय लेखा रजिस्टर की जांच की गई। इस दौरान भिनगा विधानसभाओं से एक तथा श्रावस्ती विधानसभा से दो उम्मीदवार व्यय लेखा रजिस्टर की जांच के लिए नही पहुंचे। व्यय प्रेक्षक ने जांच में अनुपस्थित दोनो उम्मीदवारों को नोटिस जारी करने का निर्देश रिटर्निंग अधिकारियों को दिया है। वरिष्ठ कोषागार अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि व्यय प्रेक्षक सत्य प्रकाश सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र भिनगा व श्रावस्ती से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। इस दौरान भिनगा विधानसभा से लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार पाठक तथा श्रावस्ती विधानसभा से निर्दल उम्मीदवार विजय कुमार व पीस पार्टी उम्मीदवार एहतशामुल हक खान व्यय लेखा रजिस्टर की जांच कराने के लिए उपस्थित नही हुए है। व्यय प्रेक्षक ने सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसरों को निर्देश दिया है कि अनुपस्थित प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर दो दिन के अन्दर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। ताकि व्यय लेखा की जांच की जा सके। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को सुबह 10 बजे से सांय पांच बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जांच किया जायेगा। उन्होने निर्वाचन लड़ने वाले दोनों विधानसभा क्षेत्रों के समस्त उम्मीदवारों से अपेक्षा की है कि नियति तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपने व्यय लेखा रजिस्टर की जांच अवश्य कराएं।

## कुन्दरकी में ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाएं घायल




मुरादाबाद-कुन्दरकी-डींगरपुर रोड पर पानी भरा होने से ई-रिक्शा पलट गया। इससे ई-रिक्शा में सवार महिलाएं चोटिल हो गईं। आनन-फानन में लोगों ने निजी चिकित्सक पर भर्ती कराया। एक महिला का हाथ टूट गया जबकि दूसरी महिला गर्भवती थी। उसे गंभीर हालत में मुरादाबाद अस्पताल भेजा गया। कुन्दरकी-डींगरपुर रोडपर पानी भरा होने से राह चलना दुश्वार हो गया है। इससे हादसे का खतरा बढ़ गया है। आए दिन लोग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सोमवार को ई-रिक्शा पलटने से महिलाएं घायल हो गईं। उधर, हादसे के बाद दुकानदारों ने जेसीबी मशीन से सड़क को एक साथ समतल कराया ताकि गड्ढों में पानी न भर सके। डीगरपुर रोड पर दोनों तरफ गूलर चौराहे पर दोनों तरफ नाले नहीं बने हुए हैं। पानी की निकासी नहीं हो पाती और पानी सड़क पर गड्ढों में पानी भर जाता है। सड़क भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालों से पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है। लोगों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई है।

## भारतीय शोध प्रयोगशालाओं के जनक थे शांति स्वरूप भटनागर

मुरादाबाद-बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने बताया कि भारत में 12 राष्ट्रीय प्रयोगशाला स्थापित करने वाले शांति स्वरूप भटनागर को भारत की शोध प्रयोगशालाओं के जनक के रूप में जाना जाता है।सोमवार को वदना सभा में प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि शांति स्वरूप भटनागर का जन्म 1894 ईस्वी में पंजाब के विदा गांव में हुआ था। बचपन से ही मेधावी रहे भटनागर की शिक्षा विदेश में हुई। शिक्षा पूर्ण कर 1921 में भारत लौटे और कई वर्षों तक केमिस्ट्री के प्रोफेसर रहे। इस दौरान देश में 12 राष्ट्रीय प्रयोगशाला स्थापित की। काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के प्रथम महानिदेशक बने। निधन के उपरांत 1958 में सीएसआईआर ने उनके नाम पर पुरस्कार की घोषणा की। इस अवसर पर चालक जयपाल कुमावत, शंकर लाल शर्मा, आबिद हुसैन, आदित्य राघव, कुमारी सीनू, कुमारी शिवानी, सजल राघव, अनामिका सागर, रुखसार, रेशमा, निशा कुमारी, आरती आदि रहे।

## मुरादाबाद में ट्रेन से कटकर महिला की मौत, क्षत-विक्षत शव की अभी नहीं हो सकी है शिनाख्त

मुरादाबाद- हकीमपुर अगवानपुर रेलवे लाइन पर एक महिला की कटकर मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने महिला की शिनाख्त का प्रयास किया,लेकिन देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी। पाकबड़ा थाना प्रभारी रंजन शर्मा ने बताया कि शव की शिनाख्त के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के हकीमपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक फलेदा गांव के पास रविवार को एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी थी। महिला का शव क्षत-विक्षत शव देखकर पाकबड़ा थाना पुलिस को सूचना दी गई। महिला की मौत की सूचना पर थाना प्रभारी रंजन शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आस-पास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया,लेकिन कोई भी पहचान नहीं पाया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी के मामले में सपा सांसद एसटी हसन कोर्ट में हुए पेश, फिर भी नहीं हो सकी सुनवाई







मुरादाबाद- रामपुर की पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। सोमवार को एसीजेएम एमपी-एमएलए कोर्ट में मुरादाबाद के सांसद डा.एसटी हसन कोर्ट में पेश हुए। जबकि अन्य आरोपितों की ओर से हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र दिया गया। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख दी है। मामले में सपा सांसद आजम खां भी आरोपित हैं, जो वर्तमान में सीतापुर जेल में बंद हैं। साल 2019 में थाना कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कालिज में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आजम खां आए थे। इस दौरान सम्मान समारोह में मुरादाबाद के सांसद डा. एसटी हसन, रामपुर सांसद आजम खां समेत अन्य सपा नेताओं ने जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में आजम खां, डा. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां समेत सात अन्य नेताओं के खिलाफ कटघर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद इस मामले की जांच रामपुर क्राइम ब्रांच शाखा को सौंप दी गई थी। इस मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए एसीजेएम कोर्ट में सुनवाई होनी थी। आरोपित पक्ष के अधिवक्ता वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि कोविड नियमों की गाइड लाइन के कारण मुकदमें में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट में मुरादाबाद के सांसद डा.एसटी हसन पेश हुए थे। जबकि अन्य आरोपितों की ओर से हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख दी है।

## दिल्ली से वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, चोरी के तीन वाहन बरामद ,एक आरोपी गिरफ्तार

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सकुशल दिशा निर्देश व पुलिस क्षेत्र अधिकारी के पर्यवेक्षण में कोतवाली निरीक्षक मोहित चौधरी ने अपराधियों के विरुद्ध वह अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बीती रात 11=00 बजे मुखबिर की सूचना पर मारुति स्विफ्ट गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो चालक भागने लगा ।जिसपर पुलिस ने एक व्यक्ति को पुलिस ने मौके पर पकड़ लिया ,जबकि उसके अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पकड़े गए । आरोपी ने ने अपना नाम परवेज आलम उर्फ सोनू पुत्र रईस अहमद निवासी शरीफ नगर ठाकुरद्वारा बताया है । आरोपी के पास से एक , अ दत तमंचा माय कारतूस बरामद हुआ और आरोपी ने बताया कि दिल्ली से दिल्ली के शकरपुर थाना क्षेत्र में अपने साथियों के साथ मिलकर गाड़ी चोरी की है। आरोपी के पास से मारुति स्विफ्ट, सैंटरो कार , सेवरोलेट बीट ,6 अदद नंबर प्लेट, एक अदद तमंचा 315 बोर व कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ है । फरार आरोपी सबरेज उर्फ मुन्ना पुत्र रईस अहमद निवासी शरीफ नगर ,व मोहम्मद कासिम पुत्र नसीम अहमद निवासी नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला वार्ड नंबर 18 ठाकुरद्वारा, खलील अहमद उर्फ पहलवान पुत्र सगीर अहमद निवासी जनता मजदूर कॉलोनी वेलकम दिल्ली की तलाश जारी है । वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में प्रभारी निरीक्षक मोहित कुमार चौधरी, उप निरीक्षक आदेश कुमार, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, कांस्टेबल नींटू बालियान, गौरव कुमार कांस्टेबल अफसर अली मौजूद रहे।

## एक महीने बाद ओपीडी में पहुंचे डेढ़ हजार मरीज

मुरादाबाद- सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ गई। ओपीडी में पर्चा बनवाने के काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष और दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ रही। लंबे समय के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई। एक महीने के बाद अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइन दिखाई दी। दरअसल, कुछ दिनों तक चुनावी माहौल के बीच अस्पताल की ओपीडी में मरीज कम पहुंचने से सन्नाटे की स्थिति नजर आई थी जबकि उससे पहले कड़ाके की ठंड के चलते भी कम संख्या में मरीज डॉक्टरों को दिखाने के लिए ओपीडी में पहुंच रहे थे। ओपीडी में दिखाने के लिए पहुंचे। इनमें सर्दी जुकाम खांसी के साथ ही त्वचा की समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। बड़ी संख्या में अभिभावक सर्दी जुकाम आदि से पीड़ित अपने बच्चों को दिखाने के लिए ओपीडी पहुंचे। आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव आदि के चलते ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने का अनुमान अस्पताल प्रशासन की तरफ से जाहिर किया जा रहा है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
**Title Code : UPBIL05086**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# Effect of vaccine

The word that has engulfed the world the most in the last nearly two years is Vaccine. Governments worked hard to achieve this, the arrangements made for its supply in every corner of the world united day and night, risking their lives, medical workers engaged in the work of vaccination and people got it installed. Long lines forHere we have left the most important link of these vaccines to the scientists, because the rest have taken a sigh of relief after completing their work, but the scientists still did not get this opportunity. They are the scientists who were first involved in this work and they are the scientists who are still engaged in it. It was the scientist who showed the first ray of hope with his activism., and they are the scientists whose activity is going to continue until we are completely sure. As much work has been done in the last two years regarding the vaccine and its effects in the world, perhaps never before. That is why in the last few days, many such research has come out, which clears many of our doubts about the natural immunity of the epidemic and the immunity of the vaccine.The question has been raised for a long time whether the vaccine is more effective or herd immunity. Conventional thinking says that the development of natural immunity is more important than the vaccine. Therefore, whoever got Kovid, doctors kept advising not to get the vaccine until some time after that. The thinking was that in such a situation there is no immediate need for a vaccine. But the new research that is coming out tells a different story.Research from the Washington University School of Medicine suggests that even if you have natural immunity, you still need the vaccine. Research has found that the body needs a lot of energy to produce antibodies on a large scale. The body cannot do this work for a long time, so it quickly reduces their number. Therefore it is necessary that antibodies are taken from outside, and this work can be done only by the vaccine.On the other hand, scientists at Stanford Medicine have found that due to the Kovid vaccine, those lymph glands of the body are activated, which helps in the production of antibodies. Whereas a study by Tel Aviv University is showing that those who got the vaccine were found to have 0.4 percent chance of getting Kovid again, while those who did not get this fear was found to be 3.3 percent. For this research, more than 83 thousand patients were studied.

From these research, we can also understand how the third wave of Kovid was dealt with so easily in India and the rest of the world. These studies have come at a time when the World Health Organization is constantly warning that the time has not come to relax the restrictions of Kovid too much. In the matter of masks, social distance and vaccination, vigilance is still very important.

अन्य खबरों के लिए देखे.WWW.KNLSIVE.COM

## Deepika Padukone got trolled for the dress at Gehraiyaan's success party, people said - did you get the air of Urfi Javed?



Deepika Padukone recently threw a tremendous party for the success of the film 'Gahreiyaan'. Many stars including Ananya Pandey, Siddhant Chaturvedi, director Shakun Batra, Apoorva Mehta to Anita Shroff attended the party. Deepika Padukone appeared in a stunning white dress at the party, although people did not like it much. Like last time, this time too, users trolled him fiercely on social media. Directed by Shakun Batra, 'Gehraiyaan' was released on OTT on 11 February. Deepika and Siddhant's intimate scenes in the film made headlines. The film got mixed reaction from the audience.At the success party of 'Gahreiyaan', host Deepika Padukone was looking very hot in a white outfit. On the other hand, Siddhant Chaturvedi appeared in a different Tashan. During this, Ananya Pandey stunned in a pink dress. Ananya Pink Candy was seen in crop top and pants. But Deepika remained the target of the people. People trolled Deepika tremendously on social media. Someone wrote, 'How was the success party, the film was a flop'. So some people felt Deepika's look like Urfi Javed.Deepika's character in 'Gheeriyaan' made a lot of headlines. Her intimate scenes with Siddhant Chaturvodi in the film were much talked about. The actress said in the interview that these bold scenes were according to the requirement of the character and not for the masala. At the same time, the director said that there was a lot in the film, but people are talking only about the bed scenes.Talking about Deepika Padukone's upcoming projects, she will soon be seen in 'Fighter' with Hrithik Roshan. Apart from this, she will also be seen once again in the film 'Pathan' with Shahrukh Khan. Siddharth Anand is directing both these films.

## Ek Villain Returns Shooting Completed

Mumbai. Bollywood actress Disha Patani has wrapped up the shooting of her upcoming film Ek Villain Returns. Disha Patani has shared some Insta stories on her Instagram account. In the story, Disha shared two group photos with her team from the shooting sets of Ek Villain Returns.Sharing the photo, Disha wrote that it's a wrap hashtag Ek Villain Returns. It is worth noting that apart from Disha Patani, John Abraham, Arjun Kapoor and Tara Sutaria will be seen in important roles in the film Ek Villain Returns.



# सदर विधानसभा के सभी सम्मानित मतदाताओं का तहेदिल से आभार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -सदर विधानसभा के सभी सम्मानित मतदाताओं का तहेदिल से आभार, आप सभी ने लोकतंत्र के इस महापर्व पर बड़ चढ़कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने में महती भूमिका निभाई है। मैं अपने सभी सम्मानित मतदाताओं से यह वायदा करता हूँ, कि मेरी पत्नी गुंजन मिश्रा पर जो विश्वास आपने जताया है और



महिला शक्ति को स्वीकार कर उनका भाग्य ईवीएम में सुरक्षित किया है। उसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा । मैं हमेशा की तरह अपने सभी इष्ट मित्रों,अपने युवा साथियों एवम् समर्थकों के साथ उनके हर सुख- दुःख मैं साथ खड़ा रहूंगा ।

## ग्रामीण इलाकों में गायों पर हो रहा हैं बुरे तरीके से अत्याचार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में गायों पर अत्याचार होना और लहूलुहान होना आम बात हो गई हैं आपको बता दें कि जिले में गायों को लोग बुरे तरीके से पीट पीट कर लहूलुहान कर देते हैं जिससे कई गाय बुरी तरह घायल हो जाती हैं और दम तोड़ देती हैं वही जिले में गौशालाओं की स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण गायों को वहां नही भेजा जा रहा हैं आवारा पशुओं की वजह से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं इस समय गेंहू की फसल पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी हैं लेकिन आवारा पशुओं की वजह से फसल नही हो पाती हैं जिससे गांव के किसान रात रात भर खेतों पर रहकर अपनी फसल की देखभाल कर रहे हैं वही जिले के अधिकारियों को ग्रामीण लोगों ने नुकसान के शिकायतें भी दी लेकिन अब तक आवारा पशुओं को गौशाला में नही छोड़ा गया

## पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने कान्हा फ्यूल पम्प पचकुईया थाना शाहगंज आगरा के पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी दी गई ।तथा पैट्रोल पम्प पर आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई ।तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझातै समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई ।तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये ।तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई ।तथा मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री रामवरन सिंह व स्टाफ राहुल अनिल कुमार, सुमित, सजय, दिनेश, सन्दीप आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की । कान्हा फ्यूल पम्प पचकुईया थाना शाहगंज आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी जानकारी देते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा ।

## एटा में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, मृतक युवक श्व रिक्शा चलाकर अपने परिवार का कर रहा था भरण पोषण, 6 दिन पूर्व द्दरिक्शा लेकर निकला था घर से आज मिला शव, 6 दिन पूर्व परिजनों ने कोतवाली नगर में कराई थी गुमसुदगी की रिपोर्ट, मृतक युवक का नाम बॉबी उर्फ पुष्पेंद्र बनगाँव का रहने वाला बताया जा रहा है, सूचना पर पहुची पुलिस जाँच में जुटी, कोतवाली देहात क्षेत्र के पीएसी FIRE रेंज के पास का मामला

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पीलीभीत मे अमित शाह पहुंचे ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और बसपा कांग्रेस पर निशाना साधा

सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

पीलीभीत-पहुंचे अमित शाह ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा बसपा कांग्रेस पर निशाना साधा, उन्होंने कहा गुरु गोविंद सिंह के भी पीलीभीत की भूमि पर पैर पड़े थे,यह उनकी भूमि है जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल का नारा देकर सीखो,को भी साथा कांग्रेस दूरबीन से भी दिखाई नहीं पड़ रही,तीन चरण में सपा बसपा का सूपड़ा साफ हो गया किसी भी धर्म किसी भी मजहब के आतंकवादी को जड़ से उखाड़ कर फेंक देंगे प्रियंका कहती है आतंकवाद की बात फिजूल बात है भारतीय जनता पार्टी की लहर 7वे चरण तक लहर सुनामी में बदल जाएगी संकट मोचन मंदिर में कई लोग मारे गए लखनऊ में कई लोग मारे गए अखिलेश ने घोषणापत्र में उन्हें छोड़ने का वादा किया था वोट के लालच में देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हैं नेता,कांग्रेस और सपा ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को निर्बल करने का संकल्प लिया है,1 करोड़ 67 लाख लोगों के घरों में सिलेंडर बीजेपी ने पहुंचाया,मुफ्त एक करोड़ 41 लाख परिवारों को घरों में बिजली दी ,किसानों के खाते में डायरेक्ट पैसा भेजा गया अखिलेश ने भी डर कर टीका लगवाया,यूपी में हमने हर घर में 24 घंटे बिजली दी गरीबों के चूल्हे जलाने का बीजेपी ने काम किया 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच 5 किलो अनाज दिया अतीक अहमद कहां है आजम खान कहां है मुख्तार अंसारी कहां है,योगी ने माफियाओं का चुनचुन का सफाया करा अखिलेश के आने पर सब बाहर आ जाएंगे,बलात्कार में






52त्न की कमी आई 70त्न लूट डकैती में कमी आई सरकार बनने पर होली दीपावली पर एक एक सिलेंडर फ्री होगा,किसानों को बिजली मुफ्त कर दी जाएगी जीतने पर बच्चियों को स्कूटी देंगे मोबाइल लैपटॉप भी देंगे पिछली सरकार में पाकिस्तान से लोग आकर लोगों के सर काट कर ले जाते थे अखिलेश ने कहा धारा 370 हटाई तो खून की नदियां बह जाएंगी ,सपा कांग्रेस बसपा ने विरोध किया,सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान में आतंकवादियों का सफाया किया,कहा पीलीभीत में बंद पड़ी चीनी मिल को चालू किया जाएगा और शहर विधायक संजय सिंह गंगवार ने 5 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

## सात दुकानों से लाखों की चोरी, बैंक को भी बनाया निशाना



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - इगलास कस्बा के अलीगढ़-मथुरा राजमार्ग पर चोरों ने शराब, रेडीमेड, मेडिकल स्टोर, मोबाइल शॉप सहित सात दुकानों की छत काटकर लाखों रूपये चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त का भी जंगला काट लिया और बैंक से लाखों रुपये का राउटर ले गए। एक साथ चोरों द्वारा इतनी बड़ी बारदात को अंजाम देने से व्यापारियों में आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया है। मोबाइल की दुकान में लगे सीसीटीवी में एक चोर कैद हुआ है। जिसके आधार पर पुलिस उसकी सिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। फारेंसिक टीम भी जांच में जुटी हुई है।

## शहर की बेपरवाह व्यवस्था में 'लापता' हुई आधी सड़क

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - ऐसा हो नहीं सकता, मगर हो गया। नगर निगम है, कुछ भी हो सकता है। यहां एक सड़क का आधा हिस्सा लापता है। राहगीर हैरान रह जाते हैं। आधी सड़क को खोजते हैं तो मकान, दुकान नजर आते हैं। पता चलता है कि सड़क इन्हीं के नीचे दबी हुई है। सड़क पर जिन लोगों ने वर्षों पूर्व मकान, दुकान बनवा लिए, वे वहीं स्थापित हो गए। नगर निगम ने इन्हें टोका नहीं, बल्कि एक कारनामा और कर डाला। मीटर नाले का निर्माण हुआ, तब भी दस्तावेजों पर नजर नहीं डाली। अब 50 लाख के बजट से 500 मीटर नाले का निर्माण हो रहा है। निर्माण विभाग के अफसरों को सड़क पर हुए कब्जे की जानकारी है, लेकिन कार्रवाई की हिम्मत न जुटा पा रहे है।

## मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा - जनपद के सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सोमवार को खुशहाल परिवार दिवस मनाया गया। इस दौरान आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं ने दंपति को परिवार नियोजन के लाभ और परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी। जिला महिला अस्पताल समेत 11 स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस पर विशेष दो समूह को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य है। पहले समूह में नव विवाहित दंपति व दूसरे समूह में ऐसे योग्य दंपत्ति को शामिल किया गया है जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्तर पर परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के इच्छुक लाभार्थियों , दम्पति तक पहुंचना खुशहाल परिवार दिवस का एक उद्देश्य है। दिवस के आयोजन के दौरान परिवार नियोजन संबंधित सभी साधन मुफ्त दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के ड्रग वेयर हाउस में समस्त परिवार नियोजन की सामग्रियां पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

# छोटी बाजार में मंत्री जी को राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट किया



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बाँदा- भा जा पा के मंत्री अनुराग ठाकुर वा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बांदा के जी आई सी मैदान से एक विशाल रैली निकालते हुए महाराडा प्रताप चौक पुलिस लाईन जेल रोड कटरा बलखंडी नाका छोटी बाजार कोतवाली होते हुए पूरा नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान जगह जगह पुस्प वर्षा के साथ साथ छोटी बाजार में मंत्री जी को राम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।आज की रैली के समय लाखो की संख्या में उमड़े जन समूह से पूरा नगर भगवा मय दिखाई दिया। आज छोटी बाजार में आनंद बाजपेई के मकान में रैली के स्वागत का प्रबंध करते हुए राजू मसुरहा मनोज जैन आनंद बाजपेई राज कुमार राज गुप्ता जी दूध डेरी नरेंद्र सिंह नन्ना मनीष पांडे प्रदीप अग्रहरी मनोज दुबे भोला दुबे आशुतोष महाराज आदि लोगो ने रैली का गर्म जोशी से स्वागत के साथ साथ जगह जगह पानी आदि की व्यवस्था की गई। इसी क्रम में अन्य दलों ने भी बाइक रैली आदि निकाल कर अपना अपना दम खम दिखाने का प्रयास किया गया। अब देखने वाली बात है की आगामी दस मार्च को किसको उसकी मेहनत का फल मिलता है।

# जिला पंचायत सीईओ ने लिया कोविड केयर सेंटर बिश्रामपुर का जायजा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव 100 ऑक्सीजन युक्त कोविड केयर सेंटर बिश्रामपुर के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बेड व्यवस्था, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पानी, बिजली, दवाई की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा निरंतर कोविड मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ के ऑक्सीजन पाइप लाइन संचालन की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने निर्देशित किया है। उन्होंने आइसोलेशन वार्ड बन रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्ता युक्त कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीएमओ डॉ प्रशांत सिंह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन अभियंता श्री एम एस राजपूत, एसडीओ मोहम्मद फरहान,मनरेगा एपीओ श्री केएम पाठक , जिला पंचायत एपीओ श्री कीर्ति खुसरो सहित अन्य उपस्थित थे।

www.knlslive.com

# जिला पंचायत सीईओ ने लिया केनापारा पर्यटन स्थल के प्लांटेशन कार्य का जायजा

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने केनापारा पर्यटन स्थल में लगाए जा रहे प्लांटेशन कार्यों का जायजा लिया। जहां उन्होंने लगाए जा रहे पौधों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो उसके लिए पानी, पाइप, लेमन ग्रास आदि की व्यवस्था संबंधित विभाग को सुनिश्चित कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।उन्होंने पर्यटन स्थल परिसर में बन रहे किड्स जोन, सामुदायिक शौचालय, बेबी फीडिंग रूम, सेल्फी जोन, फाउंटेन एवं लाइटिंग व्यवस्था के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटकों को गार्डन में बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने गार्डन में चेयर लगाने की निर्देशित किया। इस दौरान इस दौरान बीएमओ डॉ प्रशांत सिंह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन अभियंता श्री एम एस राजपूत, एसडीओ मोहम्मद फरहान,मनरेगा एपीओ श्री केएम पाठक , जिला पंचायत एपीओ श्री कीर्ति खुसरो सहित अन्य उपस्थित थे।सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

www.knlslive.com

# आपदा प्रबंधन साहसिक गतिविधियों में भाग लेने स्काउट गाइड का जत्था पचमढ़ी रवाना

## जिला संघ सूरजपुर ने स्काउट गाइड को शुभकामना देकर किया रवाना



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सूरजपुर से राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं साहसिक गतिविधियों में भाग लेने स्काउट गाइड का जत्था रवाना हुए। यह कार्यक्रम 22 फरवरी से 26 फरवरी तक पांच दिवसीय आयोजित है। जो भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के दिशा निर्देश में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट व्ही. के. रॉय , जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल व जिला संगठन आयुक्त बेलभद्र देवांगन ने बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में स्काउट गाइड टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये। बता दें कि पंचमढ़ी ( मध्यप्रदेश ) भारत स्काउट गाइड का राष्ट्रीय मुख्यालय है जहां हर वर्ष अनेक गतिविधियां संचालित होती है। जिसमें पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर शामिल है। साहसिक एवं आपदा प्रबंधन शिविर पंचमढ़ी में भाग लेने सूरजपुर जिले से प्रभारी कन्हैया लाल सोनी सहायक जिला संगठन आयुक्त, कृष्ण कुमार ध्रुव रोवर लीडर प्रेमनगर, अरुणा एक्का जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड एवं सोना सिंह गाइडर प्रतापपुर सहित 42 स्काउट गाइड रवाना हुए हैं। पंचमढ़ी में ये होते हैं साहसिक गतिविधियाँ- भारत स्काउट एवं गाइड देश के युवाओं में साहसिक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है है जिसके लिये 1992 से सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं ( मध्यप्रदेश ) में नेशनल एडवेंचर संस्थान जो राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी में स्थित है जो "ट्रेकर्स का स्वर्ग" है । संस्थान के माध्यम से प्रतिवर्ष बरसात के दिनों को छोड़कर दस दिवसीय एडवेंचर कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते हैं, जिसमें 14 से 35 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं । इस साहसिक कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रेकिंग ( पदयात्रा ), रात्रि स्काउटिंग, नक्षत्रा ज्ञान, सीमित साधनों से भोजन बनाना, पुल निर्माण, शेल्टर बनाना, पर्वतारोहण, शिलारोहण, बाधाओं को पार करना, रास्ता ढूंढना और भी अनेक साहसिक गतिविधियाँ करने का अवसर दिया जाता है ।इसके साथ आस-पास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शमिल किया जाता है । भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सूरजपुर के सदस्य पूरे वर्ष विभिन्न स्तरों पर कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सतत जुड़े रहते हैं जो उनके अंदर सेवा भावना के साथ व्यक्तित्व विकास में सहायक है। इस अवसर पर जिला संघ से जिला सचिव उमेश गुर्जर, रामानुजनगर ब्लॉक सचिव विजेंद्र साहू, प्रेमनगर असफाक अली, राकेश सिंह, गाइडर धनसरी राजवाड़े, क. उ.मा. विद्यालय प्राचार्य जे.पी.पाल, डेनिस एक्का, ग्यानलता किंडो, एवं वंदना केरकेट्टा मौजूद थे।

# भाजपा शक्ति केंद्र चपदा का शिव मंदिर में बैठक हुआ संपन्न

## सभी पोलिंग बूथों के कार्यकता हुए शामिल






रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- ओड़गी- छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल व ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र चपदा का शिव मंदिर प्रांगन में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा व निर्णय लिया गया। जैसे प्रत्येक बूथ पर वन बूथ ट्वेन्टी वन यूथ का सत्यापन,प्रत्येक बूथ में यूथ समिति के साथ बैठ कर आगामी चुनाव का रणनीति तैयार करना, प्रत्येक माह में 10 तारीक से पूर्व शक्ति केंद्र का बैठक करना, प्रत्येक बूथ में नाम जोड़ने हेतु प्रत्येक पारा मोहल्ला में सर्वे का निर्णय लिया गया। बैठक में शक्ति केंद्र चपदा के सभी पोलिंग बूथों से भाजपा कार्यकता शामिल हुए। इस बैठक के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रजवाड़े उपस्थित रहे?। बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल महामंत्री प्रेमचंद देवांगन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा महामंत्री बृजेश काशी, मंत्री सुशांत यादव , भाजयुमो मीडिया प्रभारी प्रियांशु यादव, पोलिंग बूथ आनंदपुर अध्यक्ष पारस साहू, भाजयुमो सदस्य अशोक यादव, जितेंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद सद्दाम, लालसाय,अर्जुन सिंह,चंदेश्वर साहू,जगन्नाथ, राम कुमार गुप्ता, राम सिंह केशव गुप्ता, सोनू ठाकुर ,मनोज कुमार व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।